हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 11 मार्च 2026

9 उपायुक्त ने ग्रामीणों के बीच बैठकर किया सीधा संवाद



10 जनगणना-2027: नागरिक खुद भी भर सकते...



## विद्यार्थियों का तर्क : प्रवेश, परीक्षा, अनुशासन और अन्य प्रशासनिक कार्यों में भी परेशान हो रही

# 14 कॉलेज, 20 हजार से अधिक विद्यार्थी, एक भी कॉलेज में प्राचार्य नहीं, कैसे बढ़ेगा शिक्षा का ग्राफ

- शिक्षा विशेषज्ञों का तर्क : किसी भी शैक्षणिक संस्थान के सुचारु संचालन के लिए प्राचार्य की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण, पद रिक्त होना चिंता का विषय

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

जिला में उच्च शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो रहा है। जिला के सभी 14 सरकारी कॉलेज में 20 हजार से अधिक विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इन सभी कॉलेज में एक भी स्थायी प्राचार्य नियुक्त नहीं है। बिना मुखिया के ही ये कॉलेज लंबे समय से संचालित हो रहे है, जिससे शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सभी कॉलेज के प्राचार्य या वरिष्ठ प्राध्यापक को अतिरिक्त कार्यभार देकर कॉलेजों का संचालन किया जा रहा है।

इससे न केवल प्रशासनिक निर्णय लेने में देरी होती है, बल्कि विद्यार्थियों से जुड़ी कई समस्याएं भी समय पर हल नहीं हो पातीं। विद्यार्थियों का कहना है कि कॉलेजों में स्थायी प्राचार्य नहीं होने से कई बार जरूरी फैसले लंबित रह जाते हैं। प्रवेश, परीक्षा, अनुशासन और अन्य प्रशासनिक कार्यों में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



नारनौल। कॉलेज भवन। फोटो : हरिभूमि

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान के सुचारु संचालन के लिए प्राचार्य की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। प्राचार्य ही कॉलेज की शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था को व्यवस्थित तरीके से संचालित करता है। ऐसे में लंबे समय तक पद खाली रहना शिक्षा व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है।

### जिले के सभी 14 सरकारी कॉलेज का हाल

*नारनौल :* राजकीय महावविद्यालय नारनौल में करीब 3200 विद्यार्थी है। यहां स्थाई तौर पर प्राचार्य का पद 30 नवंबर 2025 तक था। उस वक्त प्राचार्या डॉ पूर्ण प्रभा थी। उनके पास जिला के दो तीन कॉलेज के प्राचार्य पद का अतिरिक्त कार्यभार था। साथ ही वह जिला उच्तर शिक्षा अधिकारी पद पर भी आसीन थी। उनकी सेवानिवृति के बाद नारनौल राजकीय महाविद्यालय में स्थाई प्राचार्य का पद रिक्त है। फिलहाल रेवाड़ी से प्रो. राजवीर सिंह को इस कॉलेज का एडिशनल चार्ज प्राचार्य के रूप में संभालने की ड्यूटी लगाई हुई है।

*नारनौल :* राजकीय महिला महाविद्यालय में 2700 छात्राएं है। यहां 30 अप्रैल 2024 को प्राचार्य पद से ज्ञानचंद राणा रिटायर हुए थे। उसके बाद अभी दो साल से स्थाई प्राचार्य नहीं है। यहां का बतौर कार्यकारी प्राचार्य का कार्यभार प्रो. आरपी सिंह संभाल रहे है।

*महेंद्रगढ़ :* राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में 2100 विद्यार्थी है। यहां स्थाई प्राचार्य नहीं है। इस कॉलेज को चलाने के लिए वरिष्ठ प्रोफेसर विजय यादव को डीडी पावर के तहत कार्यकारी प्राचार्य पद संभालने की जिम्मेवारी सौंपी हुई है।

*महेंद्रगढ़ :* राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में करीब 1750 छात्राएं है। यहां भी स्थाई प्राचार्य नहीं है। कॉलेज को चलाने के लिए वरिष्ठ प्रोफेसर महेंद्र सिंह को डीडी पावर देकर प्राचार्य का कार्य करवाया जा रहा है।

*अटेली :* राजकीय महाविद्यालय अटेली में 1550 विद्यार्थी है। यहां 31 अगस्त 2024 तक डॉ सुरेंद्र कुमार स्थाई तौर पर प्राचार्य रहे। इसके बाद अब करीब दो साल से कार्यकारी प्राचार्य का कार्यभार राजेश सैनी संभाल रहे है।

*अटेली :* राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में 943 छात्राएं है। यहां वर्ष 2020 से 2021 तक राजकुमार प्राचार्य रहे। इसके बाद पांच साल से स्थाई प्राचार्य नहीं मिला है। यहां डा. प्रवीण कुमार कार्यकारी प्राचार्य का कार्यभार संभाल रहे है।

*सिहमा :* महंत खेतानाथ राजकीय महाविद्यालय की शुरुआत छह जून 2018 को हुई थी। उस वक्त यहां प्राचार्य के रूप में नरेश कुमार ने सेवाएं दी। वह 23 जनवरी 2020 तक रहे। इसके बाद अब छह साल से प्राचार्य का स्थाई पद रिक्त है। इन दिनों प्राचार्य का चार्ज डा. सुनील यादव संभाल रहे है। इस कॉलेज में 251 विद्यार्थी है।

*कनीना :* राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हाणी में कुल 492 छात्राएं अध्यनरत है। महाविद्यालय में आरंभ से ही स्थाई प्राचार्य का पद रिक्त है। जो करीब सात वर्ष का समय हो चुका है। वर्तमान में डॉ. विक्रम सिंह कार्यकारी प्राचार्य के रूप में कॉलेज संभाल रहे है।

*कनीना :* राजकीय महाविद्यालय कनीना में 2040 विद्यार्थी है। महाविद्यालय में एक अप्रैल 2019 से प्राचार्य पद रिक्त चला आ रहा है। अस्थाई तौर पर प्राचार्य का कार्य कार्यवाहक के तौर पर डा. विनोद कुमार संभाल रहे है।

*सतनाली :* राजकीय महाविद्यालय में 1570 विद्यार्थी है। यहां भी कई सालों से स्थाई प्राचार्य नहीं है। अभी हाल ही में सोमवार को ही प्रो. सुधीर लाम्बा ने कार्यकारी प्राचार्य का कार्यभार संभाला है। उनके पहले यह चार्ज प्रो. जरनैल सिंह संभाल रहे थे।

*नांगल चौधरी :* शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय कॉलेज नांगल चौधरी में 1144 विद्यार्थी है। यहां पर प्राचार्य का पद साल 2019 से रिक्त है। डॉ अनिल कुमार इस कॉलेज में कार्यकारी प्राचार्य का पद संभाले हुए है।

*नांगल चौधरी :* राजकीय महिला महाविद्यालय नांगल चौधरी में छात्राओं की संख्या 935 है। यहां प्राचार्य का स्थाई तौर पर पद करीब छह साल से खाली है। इस कॉलेज में डॉ अनीता तंवर कार्यकारी प्राचार्य का पद संभाले हुए है।

*निजामपुर :* राजकीय महाविद्यालय छिलरो में साल 2024 में राष्ट्रपाल यादव प्राचार्य पद से रिटायर हुए थे। उसके बाद करीब दो साल से स्थाई तौर पर प्राचार्य पद रिक्त है। यहां प्रो. कुलदीप सिंह कार्यकारी प्राचार्य के तौर पर कार्य संभाल रहे है। इस कॉलेज में 900 से अधिक विद्यार्थी है।

*कृष्णनगर :* राजकीय महाविद्यालय में 800 से अधिक विद्यार्थी है। यहां साल 2018 के बाद करीब आठ साल से प्राचार्य पद रिक्त है। यहां फिलहाल यह पद कार्यकारी प्राचार्य के तौर पर सुमन यादव संभाल रही है।

## लॉटरी का झांसा देकर बुजुर्ग पेंशनर से ठगे 27 हजार रुपये

**महेंद्रगढ़।** शहर के रेलवे रोड स्थित एसबीआई बैंक के पास एक बुजुर्ग पेंशनर को लॉटरी का झांसा देकर दो युवकों ने उनकी मेहनत की कमाई पर हाथ साफ कर दिया। झगड़ोली गांव निवासी रामफल पुत्र रतिराम, जो बिजली विभाग से सेवानिवृत्त हैं, अपनी पेंशन की राशि निकलवाने शहर आए थे। शिकायतकर्ता के अनुसार दो दिसंबर 2025 को जब वे बैंक से 27 हजार रुपये निकालकर बाहर आए, तो मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उन्हें रोक लिया। ठगों ने खुद को लॉटरी के काम से जुड़ा बताकर रामफल को प्रसाद खिलाने और बिस्किट के पैकेट से पर्ची निकालने का लालच दिया। शातिर युवकों ने बुजुर्ग को झांसा दिया कि यदि वे अपने पास रखे पैसे उन्हें दिखाते हैं, तो उनकी लॉटरी डबल हो जाएगी। बुजुर्ग उनकी बातों में आ गए और अपनी पूरी पेंशन 27 हजार रुपये उन्हें सौंप दी। पैसे हाथ में आते ही दोनों युवक मोटर साइकिल पर सवार होकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित रामफल ने बताया कि घटना के समय उन्होंने पुलिस को लिखित में कार्रवाई न करने की बात कही थी, लेकिन अब उन्होंने न्याय और राशि बरामदगी के लिए औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि मोटरसाइकिल सवार ठगों की पहचान की जा सके। पुलिस ने आमजन से कहा है कि बैंक के बाहर किसी भी अज्ञात व्यक्ति की बातों में न आएं और न ही किसी लालच या लॉटरी के झांसे में आकर अपनी नकदी किसी अजनबी को सौंपें।

### खबर संक्षेप

## डॉ. अजय के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर कल

**नारनौल।** माता सती वैलफेयर समिति गहली की ओर से 12 मार्च को जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर रेवाड़ी रोड स्थित सीएल फार्म हाउस में 19वां विशाल रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर की तैयारियां पूरी कर ली गई है। समिति अध्यक्ष सिकंदर गहली ने बताया कि यह शिविर सुबह नौ बजे शुरू होगा। उन्होंने बताया कि हर वर्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला का जन्मदिन मनाते आ रहे हैं और अबकी बार भी उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें सैकड़ों युवा स्वेच्छा से रक्तदान करेंगे। रक्तदान शिविर जिला रेडक्रॉस के सहयोग से आयोजित होगा। जिसमें रक्तकोष के लिए स्वास्थ्य विभाग के ब्लड बैंक की नारनौल व रेवाड़ी की टीमों को आमंत्रित किया गया है।



## डॉ. भीमराव आंबेडकर समिति की बैठक कल

**महेंद्रगढ़।** डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति की कार्यकारिणी की बैठक प्रधान उपसिका अमन देवी की अध्यक्षता में 12 मार्च को आंबेडकर भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक पिछली मीटिंग की कार्रवाई का पुष्टिकरण, डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए समिति का विस्तारीकरण करना व आंबेडकर भवन के निर्माण कार्य शुरू करना व चंदा इकट्ठा करने तथा लंबित कार्यों का एस्टीमेट तैयार करवाने को लेकर चर्चा की जाएंगी।

## रातां गांव में बिजली के तारों में उलझने से राष्ट्रीय पक्षी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

गांव रातां में मंगलवार सुबह बिजली के 11 हजार वोल्ट के तारों से करंट लगने के कारण राष्ट्रीय पक्षी की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में रोष देखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बिजली के तार काफी नीचे होने के कारण आए दिन पक्षी करंट की चपेट में आ रहे हैं। छोटे-छोटे पक्षी अक्सर तारों पर बैठते समय करंट लगने से चिपक जाते हैं और उनकी मौत हो जाती है।

गांव के सरपंच प्रतिनिधि बेदू सिंह राता ने बताया कि यह समस्या पिछले करीब दो वर्षों से बनी हुई है। इस दौरान लगभग दो दर्जन राष्ट्रीय पक्षियों सहित 30 से 40 अन्य पक्षियों की भी बिजली के तारों की वजह से मौत हो चुकी है।

हाल के दिनों में यह पांचवें राष्ट्रीय पक्षी की मौत का मामला सामने आया है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर ग्रामीण कई बार प्रशासन को अवगत करा चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, बिजली विभाग और हाल ही में हुए जिला उपायुक्त के रात्रि ठहराव के दौरान भी लिखित में ज्ञापन देकर गांव में खुले तारों को हटाकर केबल लाइन लगाने की मांग की गई थी, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।


मंडी अटेली। रातां में करंट लगने के बाद जमीन पर पड़ा राष्ट्रीय पक्षी।

## खेत में सिंचाई करने गए किसान की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव आकोदा में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह खेत में सिंचाई करने गया था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसे खेत में बेहोशी की हालत में पाया, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सदर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान गांव आकोदा के 38 वर्षीय शिवकुमार के रूप में हुई है, जो खेतीबाड़ी का काम करता था। उसके ताऊ के लड़के संदीप कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि शिवकुमार नौ मार्च की शाम लगभग 7:30 बजे अपनी फसल में पानी देने के लिए खेत पर गया था। जब वह रात लगभग 12 बजे तक घर वापस नहीं आया, तो संदीप कुमार और मामन राम उसे देखने खेत पर गए। उन्होंने शिवकुमार को खेत के किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा देखा। तत्काल उसे नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ में भर्ती कराया गया। अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने शिवकुमार को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि खेत में काम करते समय अज्ञात कारणों से उसकी मौत हुई है। पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के सही कारणों का पता लगाने की कार्रवाई कर रही है। सदर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच में जुट गई है।

## शहर में 18 सार्वजनिक शौचालयों के सुधारीकरण के बाद रखरखाव पर फोकस

# जनसुविधा स्थलों की देखरेख के लिए नगर परिषद लगाएगी 'केयरटेकर'

- तीन स्थानों पर बनाए जा रहे आधुनिक मॉडल जनसुविधा स्थल
- असामाजिक तत्वों से नुकसान के बाद निगरानी बढ़ाने की तैयारी

राजकुमार ▶▶ नारनौल

शहर में आमजन की सुविधा के लिए बनाए गए सार्वजनिक जनसुविधा स्थलों (सामुदायिक शौचालयों) की स्थिति को सुधारने के लिए नगर परिषद ने 'एक नई पहल' शुरू की है। परिषद ने इन स्थलों की नियमित देखरेख के लिए 'केयरटेकर' नियुक्त करने की योजना बनाई है। इसके साथ ही इन शौचालयों के खोलने और बंद करने का समय भी निर्धारित किया जाएगा, ताकि उनका संचालन व्यवस्थित तरीके से हो सके और सुविधाएं लंबे समय तक सुरक्षित रह सकें।

कुछ माह पहले नगर परिषद द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर बने सार्वजनिक जनसुविधा स्थलों का सुधारीकरण कराया गया था। इन शौचालयों में नई बॉथ फिटिंग करवाई गई थी और आवश्यक उपकरण लगाए गए थे, जिससे ये दोबारा से आमजन के उपयोग के योग्य बन सकें। हालांकि उस समय इन स्थलों पर किसी प्रकार की निगरानी या देखरेख की व्यवस्था नहीं की गई थी। सुधार कार्य के लगभग एक महीने बाद ही कई स्थानों पर इन सुविधाओं की हालत फिर से खराब होने लगी।

नगर परिषद की ओर से वर्ष 2025 में करीब 15 लाख रुपये की राशि खर्च कर शहर के 18 जनसुविधा स्थलों के सुधारीकरण की योजना बनाई गई थी। इस योजना के तहत शौचालयों में नई टॉयलेट सीटें, वॉश बेसिन, यूरिनल, पानी की टंकियां, नल तथा फ्लश सिस्टम लगाए गए थे। परिषद का उद्देश्य था कि लंबे समय से बंद पड़े या खराब हो चुके सार्वजनिक शौचालयों को दोबारा से उपयोग में लाया जा सके, लेकिन आवश्यक देखरेख के अभाव में इन स्थलों की स्थिति दोबारा खराब होने लगी। कई जगहों पर असामाजिक तत्वों द्वारा वॉश बेसिन, यूरिनल, टोंटी और फ्लश सिस्टम को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। कहीं नल टूट गए तो कहीं पानी की व्यवस्था बाधित हो गई। ऐसे में आमलोगों को इन सुविधाओं का पूरा लाभ लंबे समय तक नहीं मिल पाया और कई स्थानों पर शौचालय फिर से अनुपयोगी होने लगे।



नारनौल। ट्रामा सेंटर के सामने बनाया गया जनसुविधा स्थल। फोटो : हरिभूमि

### बनाए जा रहे तीन नए सार्वजनिक शौचालय

नगर परिषद शहर में सार्वजनिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए नए कदम भी उठा रही है। परिषद की योजना है कि शहर में तीन स्थानों पुलिस लाइन के सामने भारत गैस कार्यालय की बगल में, नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क तथा पुरानी कचहरी मैदान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए शौचालयों का निर्माण करना है तथा इनका निर्माण कार्य चल भी रहा है। ये शौचालय शहर के मॉडल जनसुविधा स्थल के रूप में विकसित किए जाएंगे। इनमें साफ-सफाई, पानी की बेहतर व्यवस्था, आधुनिक फिटिंग और नियमित निगरानी की सुविधा उपलब्ध होगी।

### केयरटेकर करेंगे रखरखाव

इसी स्थिति को देखते हुए अब नगर परिषद ने इन जनसुविधा स्थलों के संचालन और रखरखाव के लिए नई योजना तैयार की है। इसके तहत प्रत्येक स्थल पर केयरटेकर नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। केयरटेकर की जिम्मेदारी होगी कि वह शौचालयों की सफाई, रखरखाव और सुरक्षा का ध्यान रखे। इसके साथ ही वह यह भी सुनिश्चित करेगा कि शौचालय तय समय के अनुसार ही खुले और बंद हों। नगर परिषद का मानना है कि यदि इन स्थलों की नियमित निगरानी होगी तो न केवल उनकी स्थिति बेहतर बनी रहेगी, बल्कि लोगों को भी स्वच्छ और सुरक्षित सुविधाएं मिल सकेंगी। साथ ही असामाजिक तत्वों द्वारा की जाने वाली तोड़फोड़ की घटनाओं पर भी काफी हद तक रोक लगाई जा सकेगी।

### स्वच्छता व्यवस्था होगी सकारात्मक

नगर परिषद का मानना है कि सार्वजनिक शौचालयों की बेहतर स्थिति से शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। खासकर स्वच्छता सर्वेक्षण और स्वच्छता रैंकिंग में भी शहर की स्थिति बेहतर हो सकती है। यदि सार्वजनिक शौचालय स्वच्छ और व्यवस्थित रहेंगे तो लोग खुले में शौच या अस्वच्छ स्थानों का उपयोग करने से बचेंगे, जिससे शहर की समग्र स्वच्छता में सुधार होगा। इससे नप की स्वच्छता रैंकिंग को भी पंख लग सकेंगे। उम्मीद है कि केंद्र सरकार की रैंकिंग में नप का प्रदर्शन सुधर सकेगा।

### यह कहते हैं अधिकारी

*जनसुविधा स्थलों की स्थिति को बेहतर बनाए रखने के लिए परिषद लगातार प्रयास कर रही है। पहले जिन शौचालयों का सुधारीकरण किया गया था, अब उनके रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए केयरटेकर नियुक्त करने और संचालन का समय निर्धारित करने की योजना बनाई गई है, ताकि ये सुविधाएं लंबे समय तक सुचारु रूप से चलती रहें और आमजन को इसका पूरा लाभ मिल सके। परिषद की प्राथमिकता है कि शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत किया जाए और नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसी उद्देश्य से सार्वजनिक शौचालयों के सुधार और नए आधुनिक शौचालयों के निर्माण की दिशा में काम किया जा रहा है।*

*-सतेंद्र कुमार, सफाई निरीक्षक, नगर परिषद, नारनौल*

## तीन एकड़ भूमि में तीन डीपीसी, तीन चारदीवारी व दो मकान के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए

### नियंत्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में बिना विभागीय अनुमति के न करें निर्माण

# नारनौल में अवैध कॉलोनी में की तोड़फोड़ कनीना में कॉलोनी वैध करने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला नगर योजनाकार टीम ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र नारनौल में निजामपूर रोड पर हैफेड गोदाम के पीछे मन्दिर व वक्फ बोर्ड की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण में लगभग तीन एकड भूमि पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस कार्रवाई में लगभग तीन एकड़ भूमि में तीन डीपीसी, तीन चारदीवारी व दो मकान के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। यह पूरी तोड़फोड़ विभागीय कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट नगर योजनाकार सहायक सतेन्द्र कुमार की अगुवाई में पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग ने लोगों से कहा है कि नियंत्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें तथा निदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा चण्डीगढ़ से लाइसेंस अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें, अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसीलिए आम जन से बार-बार यही अपील की जाती है कि किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट प्रॉपर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें। इसके अतिरिक्त कोई भी प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेने बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में पता किया जा सकता है। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि भविष्य में जिले में अन्य स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।


नारनौल। अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ करती जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

### कॉलोनी अप्रूव्ड कराने की मांग

**कनीना।** कनीना के नागरिकों ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर कॉलोनी के बचे हुए हिस्से को अधिकृत करवाने की मांग की है। इस बारे में सुरेश वशिष्ठ, मुकेश चंद, दीपक वशिष्ठ, संजय कुमार, सुनील कुमार, अजय कुमार, योगेश, सोनू की ओर से दिए गए ज्ञापन में बताया विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची के हिसाब से वार्ड सात व नौ में उनके पुराने मकानात बने हुए हैं। इनके साथ में बनी रेलवे व रंगराव कॉलोनी अधिकृत की जा चुकी है, लेकिन इन कॉलोनी में बने कुछ मकान व प्लाटों को अनाधिकृत श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से कॉलोनी के बचे हुए हिस्से को शहरी स्थानीय निकाय विभाग से अप्रूव्ड करने की मां की है। एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत ने कहा कि ज्ञापन पत्र को उचित माध्यम सें उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है।

### पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विधायक ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

# बारिश के मौसम में पानी की निकासी हो मजबूत: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में मंगलवार को जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ विधायक कंवर सिंह यादव ने बैठक ली। बैठक में शहर में पानी निकासी की व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा आने वाले समय में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक कंवर सिंह यादव ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि महेंद्रगढ़ शहर में स्ट्रांग वॉटर चैनल की व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि बारिश के मौसम में पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके और आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि बरसात के समय जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए अभी से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि महेंद्रगढ़ शहर के उन स्थानों की विशेष रूप से पहचान की जाए, जहां बारिश के दौरान पानी जमा होने की समस्या रहती है। ऐसे स्थानों पर स्थाई समाधान के लिए कार्य योजना बनाकर जल्द अमल किया जाए, जिससे शहर के नागरिकों को राहत मिल सके। महेंद्रगढ़ शहर के साथ-साथ गांवों का विकास भी सरकार की प्राथमिकता है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।


महेंद्रगढ़। जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश देते विधायक। फोटो : हरिभूमि



# धुरंधर 2 का नया पोस्टर जारी ईश्वर के प्रकोप का दिया संकेत

**मुंबई।** रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' का एक नया पोस्टर जारी हो चुका है। फैंस पोस्टर में रणवीर सिंह के दोनों लुक को लेकर काफी उत्सुक हैं। 'धुरंधर 2' के नए पोस्टर में रणवीर सिंह दो अलग-अलग किरदारों में दिख रहे हैं- जसकिरत सिंह रंगी और हमजा अली मजारी। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'ईश्वर का प्रकोप आ रहा है'। फिल्म के पोस्टर को देखने के बाद फैंस काफी उत्साहित हैं। फैंस 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के लुक को देखकर बहुत खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग तारीफ कर रहे हैं और फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

लाइफ Style

# अनीत

## बायोपिक में कास्टिंग की खबरें बेबुनियाद

लेजेंडरी एक्ट्रेस मधुबाला की बायोपिक की चर्चा काफी लंबे समय से चल रही है। हाल ही खबर आई कि इसमें मधुबाला का किरदार 'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा निभाएंगी, पर ऐसा नहीं है। अब इंडस्ट्री के सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनीत पड्डा फिल्म में मधुबाला का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सोर्स ने साफ किया कि अनीत पड्डा का नाम मधुबाला बायोपिक से जोड़ना एकदम गलत है। सोर्स ने कहा कि अनीत पड्डा को लेकर जो भी खबरें उड़ रही हैं, उनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मधुबाला भारतीय सिनेमा का एक बहुत बड़ा नाम हैं, इसलिए इन अफवाहों ने फिल्म प्रेमियों के बीच काफी हलचल मचा दी थी। पर सोर्स ने फिर से जोर देकर कहा कि अनीत पड्डा के प्रोजेक्ट (मधुबाला की बायोपिक) से जुड़ने की बात सिर्फ एक अफवाह है और फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। इससे पहले खबरें आई थीं कि मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी दिवंगत एक्ट्रेस का किरदार निभाएंगी, पर वो खबरें भी अफवाह साबित हुईं। अनीत पड्डा की बात करें, तो उन्होंने साल 2022 में फिल्म 'सलाम वैंकी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, पर स्टारडम 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से मिला। अब अनीत पड्डा फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। फिल्म में 'होमबाउंड' फेम विशाल जेठवा भी हैं। रिपोट्स के मुताबिक, यह दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।



हॉलीवुड मसाला



# पति बेनी को दी जन्मदिन की बधाई

**लॉस एंजिल्स।** सेलेना गोमेज ने अपने पति बेनी ब्लैंको के जन्मदिन पर खास शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी शादी के पल और निजी जीवन की झलक दिखाई दी। सेलेना ने अपनी इस पोस्ट में शादी की कई रोमांटिक फोटोज शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ सेलेना ने कैप्शन में पति बेनी ब्लैंको को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। मैं तुम्हें पूरे दिल से प्यार करती हूं।'



# डॉल्बी थिएटर में होगा 98वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह...

**लॉस एंजिल्स।** कुछ ही दिनों में ऑस्कर 2026 का आयोजन होने वाला है और अब इसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस साल का कार्यक्रम और ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इसे कोनन ओ'ब्रायन होस्ट करने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में प्रियंका चोपड़ा भी शामिल होने वाली हैं। 98वां अकादमी अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को हॉलीवुड के लॉस एंजेलिस स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्री की नजरें इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह पर टिकी हुई हैं। भारत में टाइम डिफरेंस की वजह से दर्शक इस समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देख सकेंगे। आप जियो हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर सुबह 4:30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।



# है जवानी तो इश्क... की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े सहित कई कलाकार नजर आएंगे। इस रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस पोस्ट के हिसाब से 'है जवानी तो इश्क होना है' अब 5 जून की जगह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक आधिकारिक बयान में लिखा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' मूल रूप से 5 जून को रिलीज होने वाली थी, जिसकी घोषणा हमने कई महीने पहले की थी। इस महीने की शुरुआत में, यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज तारीख की घोषणा की। 'टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी।



# लाहौर 1947 का नहीं बदला टाइटल...

**मुंबई।** राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल को लेकर फिर से नया अपडेट सामने आया है। पहले खबर थी कि इसका नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है लेकिन, ऐसा नहीं है और इसकी पुष्टि आमिर खान ने की है। सनी देओल के फैंस 'बॉर्डर 2' के बाद उनकी अगली और चर्चित फिल्म 'लाहौर 1947' की रिलाज का इंतजार कर रहे हैं, जिसे राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और आमिर खान प्रोडक्शन में बनी है। इस मूवी के टाइटल को लेकर बीच में अपडेट आया था कि उसे बदल दिया गया और उसका नया नाम 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। लेकिन, प्रोड्यूसर ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। आमिर खान से जब फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल में बदलाव के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'ये आपने कहां सुना?

टीवी मसाला



# कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो जरूर अनुपमा में करूंगा वापसी

**नई दिल्ली।** अनुपमा में अनुज की भूमिका निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले गौरव खन्ना किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। गौरव को इस शो में इतना पसंद किया गया कि फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। स्टार प्लस के शो अनुपमा में अनुज का कैरेक्टर बहुत ही मजबूत तरीके से दिखाया गया था। इस शो में दर्शकों ने अनुज के कैरेक्टर को इतना पसंद किया कि गौरव खन्ना हर किसी के फेवरेट बन गए। इस शो का हिस्सा बनने के बाद गौरव खन्ना को बिग बॉस 19 में देखा गया। इस शो के वो विनर बने. उसके बाद से फैंस को लगने लगा कि बिग बॉस के बाद गौरव खन्ना अब अनुपमा में वापसी करेंगे। अब गौरव खन्ना ने खुद इस बात को कंफर्म कर दिया है कि वो इस शो का हिस्सा बनेंगे या नहीं। एक इंटरव्यू में जब गौरव खन्ना से पूछा गया कि क्या वो फिर से अनुपमा में अनुज के तौर पर वापसी करेंगे। ऐसे में गौरव खन्ना ने जो जवाब दिया वो काफी मजेदार था। गौरव खन्ना ने कहा,'आप गलत इंसान से इस बारे में पूछ रहे हैं। क्योंकि, अनुपमा में वापसी करना मेरे हाथ में नहीं है। ये हमारे प्रोड्यूसर राजन शाही और चैनल स्टार प्लस पर डिपेंड करता है। अगर स्टोरी में मेरे लिए कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो मैं जरूर वापस आऊंगा। लेकिन, अगर ट्रैक एक्साइटिंग नहीं है तो मैं वापस नहीं आऊंगा।

## गुस्सा जायज है, घाव गहरे थे

**नई दिल्ली।** निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी 'द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में



बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने 'द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है। निकी तंबोली ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, 'मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, 'गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।' निक्की तंबोली ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि वह टीवी एक्टर प्रिंस नरुला और टीवी पर्सनालिटी शिव ठाकरे पर निशाना साध रही हैं। यह दोनों इस वक्त 'द 50' शो का हिस्सा हैं। जब निक्की और उनका बॉयफ्रेंड शो में थे तो शिव ठाकरे और प्रिंस नरुला से कई बार झगड़ा हुआ। 'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं।

# पद्मा कभी अमिताभ की बनी थीं हीरोइन खूब चलाया था कैबरे डांस का जादू ...

*नई दिल्ली। भोजपुरी फिल्मों से अपना फिल्मी सफर शुरू करने वालीं पद्मा खन्ना ने अमिताभ बच्चन के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' और देवा आनंद के गाने 'हुस्न के लाखों रंग' में नजर आईं। फिल्मी और टीवी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे हैं जो अपने नाम से अधिक अपने किरदार की वजह से जाने जाते हैं। ऐसे ही कलाकारों की लिस्ट में एक नाम पद्मा खन्ना का रहा है जो टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में रानी कैकेयी के किरदार से घर-घर में पहचानी जाती थीं। 70 और 80 के दशक में खन्ना अपनी खूबसूरती, डांस और एक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। शायद बहुत कम लोगों को ये पता हो कि उनके फिल्मी सफर की शुरुआत के पीछे की वजह मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला थीं, जिन्होंने पद्मा का डांस देखकर उन्हें फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी थी। एक्ट्रेस से मिली यही छोटी सी सलाह आगे चलकर उनके जीवन का बड़ा मोड़ साबित हुई।*



## अमिताभ के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' गाना

पद्मा खन्ना के करियर का एक और अहम पड़ाव फिल्म 'सौदागर' रही, जिसमें वह महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आईं। इस फिल्म का गाना 'सजना है मुझे सजना के लिए' उस दौर का बेहद लोकप्रिय गाना बना। धीरे-धीरे वह हिंदी और भोजपुरी दोनों फिल्म इंडस्ट्री में एक जानी-मानी एक्ट्रेस बन गईं और अपने डांस के लिए खास तौर पर पहचानी जाने लगीं।

## 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से शुरुआत

पद्मा खन्ना ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत भोजपुरी फिल्म 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से की। उस समय उनकी उम्र लगभग 14 साल थी। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय फिल्मों में गिनी जाती है। इसके बाद उन्होंने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे इस इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली। 'बिदेसिया', 'बलम परदेसिया', 'धरती मइया', और 'भैया दूज' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी पसंद किया गया।

# ताहिर ने पूरी की अनाम फिल्म की शूटिंग, साझा की तस्वीरें...



**मुंबई।** ताहिर राज भसीन जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर कई तस्वीरें साझा की हैं। अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में फिल्म की बाकी कास्ट सयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी नजर आ रहे हैं। तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से

## हम घास की गठरियों पर आराम करते थे : सुप्रिया

# 80 के दशक में न वॉशरूम होते थे, और न ही वैनिटी वैन

*नई दिल्ली। 'खिचड़ी' एक्ट्रेस सुप्रिया पाठक ने 80 के दौर के फिल्म सेट की कहानी सुनाई और बताया कि तब वॉशरूम, वैनिटी वैन या आराम करने के लिए उचित जगह जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी कैसा अभाव रहा करता था। शाहिद कपूर की सौतेली मां सुप्रिया पाठक ने 'मिर्च मसाला' की शूटिंग के दौरान का एक किस्सा सुनाया। इस फिल्म की शूटिंग के लिए मिर्च फैक्ट्री में बिताए अपने अनुभव को शेयर किया और बताया कि कैसे एक दर्जन महिलाएं वहां घास और भूसे के गठरियों पर आराम करती थीं। हालांकि, 'खिचड़ी' एक्ट्रेस ने कहा कि इस तरह के माहौल में काम करने के पीछे की वजह एक्टर्स का जुनून होता था।*

## 80 से 90 के दशक में कैसा होता था फिल्मों का सेट

बातचीत में सुप्रिया ने 80 से 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बातें करते हुए बताया कि तब कैसे एक्टर्स वैनिटी वैन के बिना काम करते थे। उन्होंने कहा, 'जो जुनून था हमारे अंदर एक्टिंग का या किरदार बनाने का, उसकी वजह से बाकी सारी चीजों की अहमियत कम लगती थीं। पर धीरे-धीरे एहसास हुआ कि नहीं, ये भी जरूरी है।'

## बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए

उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, 'आपको कोई एक बैठने की जगह चाहिए और खासकर महिलाओं के लिए, आपको एक बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए। मतलब मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो उपलब्ध नहीं कराई जाती या होती ही नहीं थी।' मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं होती थीं।





## घास के बड़े-बड़े बंडल पर हम पूरे दिन बैठते थे

सुप्रिया पाठक ने कहा, 'मैंने एक फिल्म की थी मिर्च मसाला, जिसे केतन मेहता जी ने डायरेक्ट किया था। उसमें हम सारी औरतें थीं, करीब 10 महिलाएं थीं। तब हम मिर्ची की फैक्ट्री में शूट कर रहे थे। वो एक छोटा सा गांव था और वहां बेतहाशा गर्मी थी। वहां पीछे एक शेड जैसा था जहां घास रखे हुए थे। शायद मिर्ची को साफ करने का कोई प्रोसेस वहां होता था। तो बड़े-बड़े बंडल बनाकर रख दिए थे और हम पूरे दिन उसी पर बैठते थे।'

## कुछ भी करके बैठ जाते थे

पाठक ने कहा, 'एक एक्टर के लिए जैसे हमारे वहां स्पॉट बॉय होते थे, चाय लाना, अगर आप सर्दी में शूट कर रहे हो, कहीं भी शूट कर रहे हो तो बुनियादी सुविधाएं तो चाहिए ही। खाना, पानी, चाय, ये सब बेसिक चीजें जरूरी होती हैं। फिर मुझे लगता है कि धीरे-धीरे ये सारे बदलाव होंगे। हमारी इंडस्ट्री में आने लगे। आज शूटिंग करना काफी कंफर्टेबल होगा, चाहे आप कहीं भी हों। पहले के टाइम से काफी अलग है। हमारा वक्त तो हम सचमुच कहीं भी, कुछ भी करके बैठ जाते थे। '

## बाजार व राम-लीला के लिए मिले थे अवॉर्ड

बताते चलें की सुप्रिया पाठक ने अपनी मां दीना पाठक के साथ थिएटर से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने 'कलयुग' (1981) से फिल्मों में कदम रखा। पाठक को 'बाजार' (1982) और 'राम-लीला' (2013) के लिए अवॉर्ड भी मिले। उन्होंने 'मासूम' और 'मिर्च मसाला' जैसी फिल्मों, 'खिचड़ी' (हंसा के रूप में) और 'साराभाई वर्सेस साराभाई' जैसे टीवी शो में भी जानदार एक्टिंग की। इन सबके अलावा पाठक ने 'सरकार', 'वेक अप सिड', 'रेड 2' और 'खिचड़ी 2' में भी काम किया। एक्टिंग के अलावा सुप्रिया अपने पति पंकज कपूर के साथ एक प्रोडक्शन हाउस चलाती हैं।

### जयपुर मंडल के कनकपुरा स्टेशन यार्ड में तकनीकी कार्य, रेल यातायात प्रभावित रहेगा

# नारनौल रेलवे स्टेशन पर होगा कई ट्रेनों का ठहराव, यात्रियों को होगा फायदा

**नारनौल।** उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से जयपुर मण्डल के कनकपुरा स्टेशन यार्ड में तकनीकी कार्य हेतु नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य किया जाएगा। जिसके कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उपरोक्त कार्य हेतु उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी।

## नारनौल स्टेशनों पर करेगी ठहराव

- गाड़ी संख्या 12215 दिल्ली सराय-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 12 मई को (एक ट्रिप) दिल्ली सराय से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण नारनौल, नीमकाथाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी।
- गाड़ी संख्या 15013 जैसलमेर-काठगोदाम रेलसेवा 12 मई को (एक ट्रिप) जैसलमेर से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण रींगस, नीमकाथाना, नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।
- गाड़ी संख्या 15014 काठगोदाम- जैसलमेर रेलसेवा तीन से सात मई, आठ व 12 से 14 मई तक (सात ट्रिप) काठगोदाम से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीमकाथाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी।
- गाड़ी संख्या 15716 अजमेर-किषनगंज रेलसेवा 12 मई को (एक ट्रिप) अजमेर से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नीमकाथाना, नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।




## फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी ट्रेन

- गाड़ी संख्या 19269 पोरबंदर-मुजफ्फरपुर रेलसेवा आठ मई को (एक ट्रिप) पोरबंदर से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नीमकाथाना, नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।
- गाड़ी संख्या 19416 श्रीमातावैष्णोदेवीकटरा-साबरमती रेलसेवा पांच व 12 मई को (दो ट्रिप) श्रीमातावैष्णोदेवीकटरा से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीमकाथाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## गाड़ी संख्या 20937 पोरबंदर से करेगी प्रस्थान

- गाड़ी संख्या 20937 पोरबंदर-दिल्ली सराय रेलसेवा नौ मई को (एक ट्रिप) पोरबंदर से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नीमकाथाना, नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।
- गाड़ी संख्या 20940 सुल्तानपुर-साबरमती रेलसेवा 13 मई को (एक ट्रिप) सुल्तानपुर से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीमकाथाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी।
- गाड़ी संख्या 14322 भुज-बरेली रेलसेवा 11 मई को (एक ट्रिप) भुज से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रींगस, नीमकाथाना, नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।
- गाड़ी संख्या 12983 अजमेर-चंडीगढ़ रेलसेवा 12 मई को (एक ट्रिप) अजमेर से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नीमकाथाना, नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी

- गाड़ी संख्या 19602 न्यू जलपाईगुडी-उदयपुर सिटी रेलसेवा 11 मई को (एक ट्रिप) न्यू जलपाईगुडी से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीमकाथाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी।
- गाड़ी संख्या 20939 साबरमती-सुल्तानपुर रेलसेवा 12 मई को (एक ट्रिप) साबरमती से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नीमकाथाना, नारनौल स्टेशनों पर ठहराव करेगी।
- गाड़ी संख्या 19270 मुजफ्फरपुर-पोरबंदर रेलसेवा 11 मई को (एक ट्रिप) मुजफ्फरपुर से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीमकाथाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

**खबर संक्षेप**

### सीएल स्कूल के छात्र ने सीए परीक्षा उत्तीर्ण की



**नारनौल।** शहर में हुडा सेक्टर स्थित सीएल स्कूल के मेधावी छात्र देव बंसल पुत्र राजेश बंसल ने आईसीएआई की ओर से आयोजित सीए फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण की है। इससे संस्थाए क्षेत्र सहित अभिभावकों का नाम रोशन हुआ है। इस उपलब्धि पर संस्था के संस्थापक डॉ. अमित गुप्ता ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की काम की। इस मौके पर प्राचार्य रविन्द्र सिंह सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

### समृद्धि यादव बनी असिस्टेंट प्रोफेसर



**मंडी अटेली।** गांव सिलारपुर (अटेली) से समृद्धि यादव पुत्री विवेक कुमार यादव का असिस्टेंट प्रोफेसर (भौतिकी विज्ञान) के पद पर चयन हुआ है, जिससे उनके परिवार एवं गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। इस परीक्षा में समृद्धि ने 30वां रैंक प्राप्त किया। समृद्धि ने बताया कि आईआईटी दिल्ली से भौतिकी विज्ञान में पीएचडी की डिग्री जनवरी, 2025 में पूर्ण की। इस उपलब्धि का श्रेय समृद्धि यादव ने अपने गुरुजनों, दादाजी सुबेसिंह, माता-पिता व परिजनों को दिया।

### दंचोली गांव में हुआ जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम

# उपायुक्त ने ग्रामीणों के बीच बैठकर किया सीधा संवाद





**निजामपुर।** रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान आयोजित वालीबॉल प्रतियोगिता तथा ग्रामीणों की शिकायतें सुनते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निजामपुर

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशानुसार जिला प्रशासन महेंद्रगढ़ द्वारा आमजन की समस्याओं के समाधान और सरकार की नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार जिला के गांव दंचोली में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनसे सीधा संवाद किया और गांव की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस विशेष अवसर पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मुख्य रूप से मौजूद रहीं और ग्रामीणों से सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर फीडबैक लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की टीमों ने भजनों और लोक गीतों के माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान किया। कार्यक्रम के दौरान गांव में ही विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। यहां पर नागरिकों को मौके पर ही विभिन्न सेवाओं और योजनाओं का लाभ दिया गया।कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने ग्रामीणों के साथ बैठकर गांव के विकास कार्यों की समीक्षा की और गांव की सामूहिक समस्याओं पर विचार-विमर्श किया। वहीं डीसी ने ग्रामीणों की व्यक्तिगत शिकायतों को भी सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निवारण के निर्देश दिए।उपायुक्त ने कहा कि यह रात्रि ठहराव कार्यक्रम प्रशासन और जनता के बीच सेतु का काम करता है ताकि गांव के विकास की रूपरेखा ग्रामीणों की सलाह से ही तैयार की जा सके।

रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान गांव के जगमाल छिल्लर स्टेडियम में अधिकारियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। स्टेडियम में आयोजित दौड़, रिले दौड़ तथा वॉलीबॉल प्रतियोगिता के खिलाड़ियों का जोश बढ़ाया।

**प्रतिभाओं को निखारना सरकार की प्राथमिकता**

कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं और ग्रामीण स्तर पर ऐसी प्रतिभाओं को निखारना सरकार तथा प्रशासन की प्राथमिकता है। गांव की सरपंच बबीता छिल्लर ने उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार का स्वागत किया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर एडीसी तरुण पावरिया, एसडीएम नारनौल अनिरुद्ध यादव, सीईओ जिला परिषद उदय सिंह, नगराधीश डॉ मंगलसेन के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**



### यदुवंशी कॉलेज के पांच छात्र विश्वविद्यालय की टॉप 10 सूची में

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा मैथ ऑनर्स के पांचवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी कॉलेज के पांच विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की टॉप–10 सूची में जगह बनाई, जिसमें संजना पुत्री योगेंद्र ने द्वितीय स्थान, चेतना पुत्री सतीश कुमार ने तीसरा स्थान, तनीषा पुत्री रोशन लाल ने चौथा स्थान, प्रीति पुत्री सुरेश कुमार ने आठवां स्थान, वही मनीषा पुत्री सदानंद ने नौवा स्थान हासिल करके न केवल अपना नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता के साथ-साथ यदुवंशी कॉलेज का भी नाम रोशन किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्था में खुशी का माहौल है। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि मेहनत अनुशासन और निरंतर प्रयास से ही सफलता प्राप्त होती है। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, डॉ प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरूभान ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




### नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप ट्रायल में डीएवी के छात्रों का चयन

**नारनौल।** एनटीपीसी ओपन नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप के लिए इंडस ग्लोबल अकेडमी किनाना जींद में अंडर 13 बॉयज का ट्रायल करवाया गया। जिसमें अंडर 13 आयु वर्ग में हरियाणा के विभिन्न जिलों से बहुत से विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में एमएलएस डीएवी के दो विद्यार्थियों वंश व गौरांश ने भाग लिया और ट्रायल में दोनों ही विद्यार्थियों का चयन आगामी प्रतियोगिता के लिए हुआ। इस प्रतियोगिता में वंश ने 340 के स्कोर के साथ द्वितीय व गौराश ने 316 के स्कोर के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। दोनों ही विद्यार्थी 27 मार्च से सात अप्रैल को गुंटूर आंध्रप्रदेश में आयोजित होने वाली अंडर 13 एनटीपीसी ओपन नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में भाग लेंगे तथा कक्षा नौवीं के विद्यार्थी त्रिशांत ने अंडर 17 डीएवी नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में रजत पदक प्राप्त किया। बच्चों की इस शानदार सफलता पर प्राचार्य राजेश कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### आरपीएस में 15 मार्च को होगी स्कॉलरशिप कम एडमिशन परीक्षा




**महेंद्रगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका आरपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स एकबार फिर विद्यार्थियों के सपनों को पंख देने के लिए तैयार है। 15 मार्च को आरपीएस के सभी विद्यालयों में स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट आयोजित करेगा। इस परीक्षा के माध्यम से न केवल प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रवेश का अवसर मिलेगा, बल्कि उनकी योग्यता के आधार पर विशेष छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने बताया की यह परीक्षा कक्षा एक प्रथम से नौवीं और कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है। परीक्षा का समय सुबह 10:30 बजे होगा। यह परीक्षा आरपीएस ग्रुप के सभी विद्यालयों में आयोजित होगी। जो अभिभावक पहले पंजीकरण नहीं करवा पाए हैं, वे परीक्षा के दिन सुबह 9:30 बजे पहुंचकर 'ऑन द स्पॉट' भी रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय का मूल उद्देश्य बच्चों को उनके जीवन के लक्ष्यों तक पहुंचाने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है।

### सैनी सभा में सावित्रीबाई फुले को अर्पित की श्रद्धांजलि



**नारनौल।** महान समाज सुधारक एवं देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर सैनी सभा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर सैनी सभा के पदाधिकारी, समाज के गणमान्य व्यक्ति व अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने सावित्रीबाई फुले के समाज सुधार, महिला शिक्षा और सामाजिक समानता के लिए किए गए महान कार्यों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने ऐसे समय में महिलाओं और वंचित वर्गों की शिक्षा के लिए संघर्ष किया, जब समाज में कई प्रकार की सामाजिक बाधाएं थी। उन्होंने अपने साहस, दृढ़ निश्चय और समर्पण से शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरूआत की। सैनी सभा के महासचिव निहाल सैनी ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा और शिक्षा के प्रसार के लिए समर्पित किया। इस मौके पर बलवंत सैनी, सचिव भारत सैनी, प्रेमचंद सैनी, मदनलाल, हुकुमचंद सैनी, रामचंद्र सैनी, लोकेश गांधी, रमेश सैनी, लालचंद सैनी, बिरेंद्र सैनी, रेणु दहिया, माया देवी, विनू शर्मा, हिना सैनी, अंकित आदि उपस्थित रहे।

### सैनी स्कूल ने मनाया जल महोत्सव



**नारनौल।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग की तरफ से सेलिब्रेशन ऑफ जल महोत्सव पखवाड़ा के तहत बहरोड़ चौक स्थित सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चिंकी सैनी आठवीं, द्वितीय कशिश सातवीं, तृतीय स्थान पर हनी कक्षा छठी, प्रियांशु सैनी कक्षा छठी व खुशबू सातवीं को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## श्रीकृष्णा स्कूल में हुआ मुक्केबाजी ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** बॉक्सिंग ट्रायल में खिलाड़ियों के हाथ मिलवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

श्रीकृष्णा स्कूल में फोर्थ यूथ बॉक्सिंग लड़के एवं लड़कियां के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्राचार्य रवि प्रकाश रहे। बॉक्सिंग कोच महीपाल यादव और उत्तम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा खिलाड़ियों के हाथ मिलवाकर और उन्हें खेल भावना की शपथ दिलाकर किया गया। इस ट्रायल में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए वर्ष 2008-09 आयुवर्ग के मुक्केबाजों ने अपना कौशल दिखाया। रिंग में अपनी तकनीक और ताकत का प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी अब आगामी 18 से 21 मार्च तक रोहतक के महम में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में महेंद्रगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोच ने उम्मीद जताई कि यहां से चयनित होकर जाने वाले मुक्केबाज राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन करेंगे। प्राचार्य रवि प्रकाश ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन और कड़े परिश्रम का प्रतीक हैं। ट्रायल की पूरी प्रक्रिया अनुभवी कोचों की निगरानी में पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। कोच महीपाल यादव और उत्तम सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों के चयन में उनकी तकनीक, स्टेमिना और फुर्ती को मुख्य आधार बनाया गया है।

### सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता से यूनियन पदाधिकारियों ने की बैठक

# कर्मचारी हितों व समस्याओं के समाधान की मांग

- एके रघुवंशी को यूनियन की डायरी भेंटकर शिष्टाचारिक बातचीत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन (रजिस्टर्ड नंबर 41) संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की जिला कमेटी की बैठक सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग जेएलएन सर्किल नारनौल के अधीक्षक अभियंता ऑफिस में आयोजित की गई।

बैठक का संचालन यूनियन के जिला सचिव विजेंद्र शर्मा ने किया, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील यादव ने की। जिला कमेटी के पदाधिकारियों ने अधीक्षक अभियंता एके रघुवंशी द्वारा चार्ज संभालने पर यूनियन की डायरी भेंटकर शिष्टाचारिक बातचीत की तथा उनके सम्मुख कर्मचारी हितों व समस्याओं को प्रस्तुत कर समाधान की मांग की।

अधीक्षक अभियंता एके रघुवंशी ने कर्मचारियों की समस्याओं जैसे सिंचाई विभाग में कई सालों से चार्ज में के पद खाली पड़े हैं, उनको पंप ऑपरेटर से चार्जमेन के पद पर विभागीय प्रमोशन करने, वित्त वर्ष 2018-19 में लगे ग्रुप डी कर्मचारियों की सर्विस कन्फर्म करने, सर्विस इंक्रीमेंट पात्र कर्मचारियों को लगाने जैसी मांगें प्रस्तुत की।

इस पर अधीक्षक अभियंता तथा कार्यकारी अभियंता ने आश्वासन दिया है कि जल्द कर्मचारियों की तनख्वाह, डीए, सर्विस इंक्रीमेंट का एरियर हरियाणा फाइनेंस डिपार्टमेंट द्वारा बजट देते ही भुगतान कर दिया जाएगा।



**नारनौल।** बैठक में मौजूद अधीक्षक अभियंता एके रघुवंशी एवं कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**सिंचाई विभाग के पास बजट तक नहीं है**

जिला सचिव विजेंद्र शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार वैसे तो बड़े बड़े वादे करती है कि हर महीने की सात तारीख को एचकेआरएनएल में लगे कर्मचारियों को तनख्वाह दे दी जाएगी, लेकिन सिंचाई विभाग के पास बजट तक नहीं है कि कर्मचारियों को टाइम पर तनख्वाह दे सकें। जुलाई से लगे महंगाई भत्ते को ग्रुप डी कर्मचारियों को अभी तक अदा नहीं किया गया है। न ही कर्मचारियों को अभी तक सर्विस इंक्रीमेंट देने के लिए बजट है।

**ये रहे मौजूद**

मीटिंग में जिला चेयरमैन सुनील यादव, जिला ऑडिटर ओमवीर खत्री, सिंचाई विभाग ब्रांच प्रधान अनिल कुमार, ब्रांच सचिव आदित्य कौशिक, ब्रांच उपप्रधान बिजेंद्र, उपप्रधान सुरेश, राजेंद्र, अनिल व सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# हकेंवि कुलपति ने की एनएसएस की वार्षिक पत्रिका विमोचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** एनएसएस की वार्षिक पत्रिका का विमोचन करते कुलपति प्रो. टंकेशवर।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की प्रकाशित वार्षिक पत्रिका का विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने विमोचन किया। इस पत्रिका में विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा वर्ष भर आयोजित सामाजिक और जन-जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों का उल्लेख किया गया है। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने एनएसएस टीम को बधाई दी। उन्होंने यह भी बताया कि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम और डॉ. युद्धवीर भी इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पत्रिका में गांवों में चलाए गए जागरूकता अभियान, विश्वविद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्रों में पौधारोपण, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान तथा अन्य सामाजिक कार्यों की जानकारी शामिल है। गौरतलब है कि पिछले चार वर्षों से लगातार विश्वविद्यालय एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों का चयन गणतंत्र दिवस परेड कैंप (आरडीसी) के लिए हो रहा है, जो विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है।

**सूचना**

मैं, भीखाराम पुत्र मुन्शी राम निवासी तलवाना, तहसील कनीना, जिला महेन्द्रगढ़, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र हनुमान मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### वार्डों में एरिया सभा का अभियान 14 से

**नांगल चौधरी।** विभागीय निर्देशानुसार नपा प्रशासन 14 मार्च से वार्ड वाइज एरिया सभा का आयोजन करेगा। जिसमें अधिकारी व जनप्रतिनिधियों के साथ 10 फीसदी मतदाताओं की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। बैठक में समस्याओं को सूचीबद्ध करके समाधान किया जाएगा। सचिव ललित गोयल ने बताया कि सरकार ने पंचायतों में ग्रामसभा व शहरों में एरिया सभा करने के निर्देश दिए हैं।

### हरी खाद उगाने पर मिलेगी एक हजार की प्रोत्साहन राशि

**नारनौल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समृद्ध किसान विजन को अमलीजामा पहनाते हुए प्रदेश सरकार ने फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए नई पहल की है। इसके तहत किसानों को न केवल फसलों का उचित दाम दिया जा रहा है, बल्कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि सरसों व गेहूं की कटाई के बाद जो किसान अपने खेतों में हरी खाद या दलहनी फसलों की बिजाई करेंगे, उन्हें सरकार की ओर से एक हजार रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### घोड़ी पर निकाला बेटी सपना का बनवारा

**महेंद्रगढ़।** हाल आबाद डिफेंस कॉलोनी निवासी सूबेदार अनिल कुमार यादव ने सोमवार को अपने गांव बालरोड में पहली बार एक नई पहल के तहत हरियाणा पुलिस में कार्यरत बेटी सपना को घोड़ी पर बैठाकर बनवारा निकाला। सूबेदार अनिल कुमार ने बेटा–बेटी एक समान होने का संदेश दिया है। सपना पुत्री सूबेदार अनिल कुमार बालरोड की शादी नंदगांव भिवानी निवासी महिपाल के पुत्र विपिन के संग है। बेटी सपना ने ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करके हरियाणा पुलिस में कार्यरत है एवं लड़का भी हरियाणा पुलिस में कार्यरत है।

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी का 12वां दीक्षांत समारोह 14 मार्च को, आएंगे मुख्य न्यायधीश सूर्यकांत

**कुलपति ने सभी तैयारियां प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में 14 मार्च को आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर टंकेशवर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि इस वर्ष दीक्षांत समारोह में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत मुख्य अतिथि होंगे व पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति शील नागू व आईआईटी रोपड़ के निदेशक डॉ. राजीव आहुजा समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों


महेंद्रगढ़। हकेंवि का भवन। फोटो: हरिभूमि

को अपना आशीर्वाद देंगे। कुलपति ने सभी अधिकरियों को निर्देश दिए हैं कि वे दीक्षांत समारोह के लिए सभी तैयारियां प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। कुलपति ने कहा कि गत वर्षों की तरह 12वां दीक्षांत समारोह भी भव्य होने वाला है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह किसी भी शिक्षण संस्थान का सबसे महत्वपूर्ण अकादमिक कार्यक्रम होता है। यह खुशी की बात है कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने विश्वविद्यालय के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए इसमें शामिल होने की स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ कई अन्य गणमान्य लोग भी दीक्षांत समारोह में शामिल होने जा रहे हैं। कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह में जिन विद्यार्थियों ने 31 जनवरी तक अपनी डिग्री सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, उन सभी विद्यार्थियों को इस दीक्षांत समारोह में दीक्षा दी जाएगी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति के नेतृत्व में समकुलपति प्रोफेसर पवन कुमार शर्मा, कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने 12वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा की।

### 1462 विद्यार्थियों को मिलेंगी उपाधियां

*विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कौशिक ने बताया कि दीक्षांत समारोह में कुल 1462 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इनमें 827 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर डिग्री, 557 विद्यार्थियों को स्नातक डिग्री तथा 78 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए विश्वविद्यालय 50 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित करेगा। इनमें 30 छात्राएं और 20 छात्र शामिल हैं। वहीं पीएचडी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 40 महिला शोधार्थी और 38 पुरुष शोधार्थी हैं, जो उच्च शिक्षा और शोध में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। कुल उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 797 छात्र और 665 छात्राएं शामिल हैं। इनमें से 679 विद्यार्थी हरियाणा राज्य के हैं, जबकि 783 विद्यार्थी देश के अन्य राज्यों से हैं, जो विश्वविद्यालय की विविधता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह के दौरान निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करना होगा। पुरुष प्रतिभागी सफेद कुर्ता के साथ पायजामा या पैंट पहनेंगे। महिला प्रतिभागी ऑफ-व्हाइट साड़ी (दो इंच की मैरून लाल बॉर्डर के साथ) या ऑफ-व्हाइट कुर्ता के साथ सलवार, चूड़ीदार या पैंट पहन सकती हैं। विश्वविद्यालय की ओर से ऑफ-व्हाइट रंग का स्कार्फ दिया जाएगा और सभी प्रतिभागियों को फॉर्मल जूते पहनने होंगे।*

### 15 कमेटियां बनाई

*दीक्षांत समारोह के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से 15 अलग अलग कमेटियां बनाई गई हैं जिनमें मुख्य रूप से स्टीयरिंग कमेटी, रिस्पेशन कमेटी, स्टेज एरेंजमेंट, सीटिंग एरेंजमेंट कमेटी, टेक्निकल स्पोर्ट, मीडिया सहित 15 कमेटियां बनाई हैं। इन कमेटियों के माध्यम से दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।*

**सीटीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश, पूरी स्टीकता से करें कार्य**

# जनगणना-2027: नागरिक खुद भी भर सकते फॉर्म, मोबाइल एप से होगा कार्य

- जनगणना को लेकर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जनगणना एक दर्पण की तरह है जो हमें बताती है कि हम आज कहां खड़े हैं और हमें कल कहां पहुंचना है। इसके बिना विकास की कोई भी योजना अंधेरे में तीर चलाने जैसी होगी। ऐसे में देश के इस सबसे महत्वपूर्ण कार्य को सभी अधिकारी पूरी स्टीकता के साथ करें। यह निर्देश नगराधीश डॉ. मंगलसेन ने मंगलवार को लघु सचिवालय में जनगणना को लेकर हुई अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिए। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए जनगणना के नियमों की जानकारी दी गई।

जनगणना-2027 दो चरणों में संपन्न की जाएगी। जिसमें पहले चरण के तहत मकानों की सूची तैयार करने और आवास गणना का कार्य अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच संभावित है। दूसरे चरण में नौ फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक मुख्य जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य की सफलता के लिए प्रशासनिक स्तर पर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले में इस कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए लगभग 2100 प्रगणक (इन्युमरेटर) और करीब 350 पर्यवेक्षक (सुपरवाइजर) तैनात किए जाएंगे, जो करीब 700 से 800 की जनसंख्या वाले प्रत्येक गणना ब्लॉक में डेटा एकत्रित करेंगे। इस बैठक में सहायक निदेशक गुरविंद्र सिंह, डिविजनल इंचार्ज जसवीर सिंह, कोऑर्डिनेटर अनकेत के अलावा राजस्व विभाग के अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।


नारनौल। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को संबोधित करते सीटीएम डॉ. मंगल सेन।

### डेटा की गोपनीयता बनाए रखने के लिए सख्त हिदायत

*अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार जनगणना की पद्धति में आधुनिक बदलाव किए गए हैं और पूरी प्रक्रिया डिजिटल टूल्स तथा मोबाइल ऐप के माध्यम से संचालित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनगणना का डेटा ग्रामीण स्तर पर गांव वार और शहरी स्तर पर वार्ड वार प्रकाशित किया जाएगा। जिसमें सभी पंचायतों, ढाणियों व मजरा क्षेत्रों को संबंधित राजस्व गांवों में ही शामिल किया जाएगा, ताकि डेटा की सटीकता बनी रहे। उन्होंने बताया कि प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को दोनों चरणों के सफल समापन के बाद कुल 25000 रुपये का मानदेय दिया जाएगा, जो सीधे उनके खातों में हस्तांतरित होगा। उन्होंने डेटा की गोपनीयता बनाए रखने के लिए सख्त हिदायत दी, ताकि जिले में जनगणना का यह कार्य पूरी पारदर्शिता और सटीकता के साथ समय सीमा के भीतर संपन्न हो सके।*


नारनौल। राष्ट्रपति के नाम डीआरओ राकेश कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए।

## महाबोद्धि महाबिहार का प्रबंध पूर्णता बोद्धों को सौंपने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के जिला महेंद्रगढ़ के अध्यक्ष शेरसिंह व महासचिव कृष्ण कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम जिला राजस्व अधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि महाबोद्धि महाबिहार का प्रबंध पूर्णता बोद्धों को सौंपा जाए। राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले को भारतरत्न से सम्मानित किया जाए।

उन्होंने बताया कि सावित्री बाई फुले ने शिक्षा का प्रचार प्रसार किया और सभी वर्गों के महिलाओं को शिक्षा दी। इसलिए उनके नाम से प्रथक धर्म संहिता पर्सनल ला बनाई जाए, क्योंकि तथागत गौत्तम की जन्मभूमि भारत है। पाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए, क्योंकि प्राचीनकाल से पाली भाषा भारत की गौरवशाली रही है। पाली भाषा को भारतीय शास्त्रों में मानवता वादी दर्शन पाली भाषा में उपलब्ध करवाई। ज्ञापन देने का कार्यक्रम पूरे भारत में राष्ट्रीय बौद्ध महासभा द्वारा किया गया है।

ज्ञापन जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया। ज्ञापन देने वालों में बौद्ध महासभा के कार्यकर्ता चांदराम भोड़ीवाल, सामाजिक कार्यकर्ता भूपसिंह महायच, एडवोकेट कामरेड सुभाष चन्द्र एडवोकेट आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान का सरल माध्यमः एसडीएम

- एसडीएम की अध्यक्षता में सतनाली खंड कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार को लगता है समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर लोगों के लिए एक उपयोगी मंच बन रहे हैं। यह बात महेंद्रगढ़ की एसडीएम कनिका गोयल आईएएस ने सतनाली खंड कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान कही। समाधान शिविर में कुल 10 शिकायतें पंजीकृत हुई। एसडीएम कनिका गोयल ने शिविर में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और मौके पर उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनके समाधान बारे निर्देश दिए। इस दौरान अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर किया गया, जबकि बाकि शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर समय सीमा तय की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों में न जाना पड़े। इस दौरान खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मनोज कुमार, कविराज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


महेंद्रगढ़। लोगों की शिकायत सुनती एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

## समारोह में सीएम सैनी का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

गांव रामबास निवासी एवं शिक्षा विभाग के प्रवक्ता रमन शास्त्री ने चंडीगढ़ स्थित सीएम आवास पर आयोजित समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व हरियाणा विधान सभा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा का अभिनंदन किया। वे 11 मार्च तक चलने वाले भारत अंतर राष्ट्रीय विवाद सप्ताह में शिरकत कर रहे थे। बता दें कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की ओर से महापुरुषों के जीवन आधारित समारोह सरकारी स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं जनता के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की गई है।



कनीना। मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते प्रवक्ता रमन शास्त्री। फोटो: हरिभूमि

## हरीपुरा पाटन की टीम ने सिलारपुर को पछाड़कर जीता फाइनल क्रिकेट मुकाबला

- पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

सिलारपुर गांव में युवा क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि डॉ. गजेसिंह चोपड़ा मौजूद रहे। उन्होंने विजेता टीमों को नकद पुरस्कार व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में युवाओं को ग्रामीण खेलकूद स्पर्धाओं से लगाव बढ़ाने का आह्वान किया। जिससे ग्रामीण संस्कृति संरक्षित होगी व सर्वांगिंण विकास संभव हो पाएगा। क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में हरीपुरा पाटन ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का करने का निर्णय लिया, लेकिन पहले की ओवर की दूसरी गेंद पर विकेट गिरने के टीम पर दबाव बढ़ गया तथा दोनों बल्लेबाजों ने एक एक रन लेकर स्कोर बढ़ाना जारी रखा। पांचवें ओवर के बाद ताबड़तोड़ बैटिंग करना आरंभ कर दिए तथा राहुल कुमार ने एक ही ओवर में चार चौके लगाकर स्कोर को 50 के पास पहुंचाया। छठे ओवर की पहली ही गेंद पर राहुल कुमार 39 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद पांचवें विकेट की सांझेदारी ने जमकर खेला तथा ग्राउंड के चारों तक शॉट लगाते हुए टीम का स्कोर 100 रनों तक पहुंचाया। टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में आठ विकेट खोकर 129 रन बनाए। सिलारपुर टीम की शुरूआत बेहद अच्छी रही। पहले ओवर की तीन गेंदों पर लगातार तीन छक्के लगने पर मैदान में दर्शकों का उत्साह बढ़ गया, लेकिन दूसरे ओवर में तीन विकेट गिरने के बाद टीम दबाव में आ गई तथा निर्धारित 10 ओवरों में 118 रन बनाने में सफलता मिली।


नांगल चौधरी। विजेता टीम को पुरस्कृत करते समाजसेवी डॉ. गजेसिंह चोपड़ा। फोटो: हरिभूमि

## शोरुम से सफाई कर्मचारी ने की गाड़ी चोरी, एक्सीडेंट होने पर फरार

**महेंद्रगढ़।** शहर में एक ऑटो मोबाइल शोरूम से नई कार चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर सफाई कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने कार को आरोपित के गांव से एक्सीडेंट किए हुए बरामद कर लिया। राजस्थान के जिला झुंझुनूं के लाम्बी अहीर के अनिल कुमार शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह धीरज मोटोकोर्प इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के शोरूम में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि उनके शोरूम में बुडिन के रविंद्र को सफाई कर्मचारी के रूप में रखा गया था और शोरूम की एक चाबी उसके पास रहती थी। शिकायत के मुताबिक आठ मार्च को वह अवकाश पर था। सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी के बाद घर चले गए थे। उसी दौरान जब उसने अपने मोबाइल फोन से शोरूम और वर्कशॉप में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए, तो शाम करीब छह बजकर 32 मिनट पर रविंद्र वर्कशॉप का ताला खोलकर वहां खड़ी बिना पंजीकरण की सफेद रंग की नई टाटा पंच इलेक्ट्रिक कार लेकर जाता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद शोरूम प्रबंधन ने रिकॉर्ड जांचा, तो एक गाड़ी गायब मिली। कर्मचारियों ने गाड़ी की तलाश की, जिसके बाद सूचना मिली कि आरोपित ने अपने गांव बुडिन के पास गाड़ी का एक्सीडेंट कर दिया है। मौके पर पहुंचने पर कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त मिली, जबकि आरोपित वहां से फरार था। इस बारे में उन्होंने पुलिस में सूचना दी। सूचना के आधार पर पुलिस ने गाड़ी को वहां से रिकवर किया। वहीं पुलिस आरोपित की तलाश में जुट गई है।


महेंद्रगढ़। मरीजों की जांच करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## डुलाना में स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल टीम ने किया 63 ग्रामीणों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण

**महेंद्रगढ़।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सरकार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग नारनौल की मोबाइल टीम ने मंगलवार को शिव मंदिर परिसर डुलाना में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ. ज्योत्सना एएमओ, जिला प्रोग्राम कॉर्डिनेटर रविंद्र सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूनम रैबारी, स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान, एएनएम रेणू कुमारी, सोनू, लक्ष्मी, रेडियोग्राफर सोहेल अहमद, राहुल फार्मेसी ऑफिसर, योगेश नर्सिंग ऑफिसर, अजय सिंह, बलवंत और महेंद्र सिंह की टीम ने 63 ग्रामीणों की स्क्रीनिंग की। इनमें से 34 मरीजों के एक्सरे किए गए। टीम ने आठ संभावित टीबी मरीजों के बलगम के नमूने लेकर उन्हें निक्षय पोर्टल पर अपलोड किया और लैब जांच के लिए भेजा। जांच में मुख्य रूप से बुजुर्ग, टीबी मरीजों के संपर्क में आए व्यक्ति, शुगर व बीपी के मरीज शामिल रहे। स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान ने कहा कि सरकार टीबी मरीजों को पोषण योजना के तहत छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। इलाज शुरू होते ही पहली किस्त के रूप में तीन हजार रुपये दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि टीबी फेफड़ों के अलावा शरीर के अन्य अंगों में भी हो सकती है, जिसके लक्षणों में दो सप्ताह से अधिक खांसी, लगातार बुखार, वजन कम होना और शरीर पर गांठ होना शामिल है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच करवाएं और छह माह का पूरा दवा कोर्स लें, जिससे मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। स्वास्थ्य जांच शिविर के समापन के बाद टीबी जिला प्रोग्राम कॉर्डिनेटर रविंद्र सिंह, एसटीएस पवन कुमार, स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान एवं सुमन आशा वर्कर ने टीबी के मरीजों के घर विजिट करके उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।


**सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने वालों को देना होगा 50 हजार तक पर्यावरण मुआवजा**

# एनजीटी के आदेशों को जिले में सख्ती से किया जाएगा लागू: उल्लंघन करने पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी विजय चौधरी ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से प्रकाश यादव बनाम हरियाणा राज्य मामले में जारी दिशानिर्देशों के तहत जिले में कचरा प्रबंधन को लेकर सख्त आदेश जारी किए हैं। चौधरी ने बताया कि सड़कों के किनारे, नदियों, जल निकायों, नहरों, वेटलैंड्स, झीलों, पंचायती या राजस्व भूमि और लोक निर्माण विभाग की भूमि पर कूड़ा डालना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

उन्होंने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के अनुसार कोई भी कचरा उत्पन्न करने वाला व्यक्ति या संस्थान अपनी सीमा से बाहर गलियों,



- जिले में कचरा प्रबंधन को लेकर सख्त आदेश जारी

सार्वजनिक स्थानों या नालियों में कचरा नहीं फेंक सकता और न ही उसे जला सकता है। नियमों के तहत प्रत्येक नागरिक को अपने घर या संस्थान का कचरा गीले, सूखे और घरेलू खतरनाक कचरे के रूप में अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर केवल अधिकृत कचरा संग्रहकर्ताओं को ही सौंपना अनिवार्य है।

क्षेत्रीय अधिकारी विजय चौधरी ने स्पष्ट किया कि इन नियमों का उल्लंघन करने वालों से भारी पर्यावरण मुआवजा वसूला जाएगा। सामान्य कचरा फैलाने के पहले मामले में पांच हजार और दोबारा उल्लंघन पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

वहीं बड़ी मात्रा में कचरा उत्पन्न करने वाले संस्थानों, निकायों या ठेकेदारों की ओर से लापरवाही बरतने पर पहली बार में 25 हजार रुपये व दूसरी बार में 50 हजार रुपये का दंड निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस राशि की वसूली के लिए नगर निगम आयुक्त, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारियों और प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति जुर्माना नहीं भरता है, तो उसे भू-राजस्व के बकाया की तरह कानूनन वसूला जाएगा।

### डीसी की अपील, जिम्मेदारी के साथ करें कूड़ा प्रबंधन

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिला के सभी नागरिकों से कहा है कि वे एनजीटी के नियमों का पालन करें और स्वच्छ पर्यावरण बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जब तक प्रत्येक नागरिक कूड़ा प्रबंधन में अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेगा तब तक पर्यावरण को स्वच्छ और साफ सुथरा बनाए रखना संभव नहीं है। ऐसे में हम सभी को मिलकर इस कार्य में आगे आना चाहिए।